**खबर संक्षेप**

## पिहोवा में सिख कमेटी खोलेगी स्कूल : झींडा

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा के गांव सैयानासैंदा में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी विद्यालय आरंभ करेगी। यह घोषाणा हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने की। वे गांव में सुशोभित गुरुद्वारा दमदमा साहिब में धन-धन साहिब श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350 साला शहीदी शताबदी को समर्पित समागम में रूबरू हुए। इस समागम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के संयुकत सचिव बलविंदर सिंह भिंडर, कुलदीप सिंह मुल्तानी, इंदरजीत सिंह, मेजर सिंह, बलदेव सिंह हाबड़ी, बाबा कश्मीर सिंह जी, बाबा शेर सिंह दल बाबा साहिबजादा फतेह सिंह मौजूद रहे।

## प्रो. सुमन सिंह ने संभाला अध्यक्ष पद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार बायो-केमिस्ट्री विभाग की प्रोफेसर सुमन सिंह ने आगामी तीन वर्षों के लिए बायो-केमिस्ट्री विभाग की अध्यक्ष का कार्यभार विधिवत रूप से संभाला। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। प्रो. सुमन सिंह ने पदभार संभालने के बाद कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार प्रकट करते हुए विभाग के हित में कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की बात कही। इस नियुक्ति के साथ प्रो. सुमन सिंह अकादमिक काउंसिल व फैकल्टी ऑफ लाइफ सांइसिज की सदस्य और बोर्ड ऑफ स्टडीज की अध्यक्ष के रूप में भी कार्य करेंगी।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर डीएवी गर्ल्स कॉलेज में जिलास्तरीय कार्यक्रम

# महर्षि वाल्मीकि ने मानवता, धर्म व करुणा का दिया संदेश : राणा

**हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में लिया भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने मानवता, धर्म, सत्य और करुणा का अद्भुत संदेश दिया। उन्होंने शहर के डीएवी गर्ल्स कॉलेज में जिला प्रशासन द्वारा महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उक्त शब्द कहे। मौके पर उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से ऋषि मुनियों, गुरुओं, संत व महापुरुषों की जयंती को गरीमामयी ढंग से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी को आदि कवि और संस्कृत महाकाव्य रामायण के रचयिता के रूप में जाना जाता है।

राणा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति के महान ऋषि, दार्शनिक, कवि और समाज सुधारक थे। वाल्मीकि जी ने न केवल रामायण की रचना की है। बल्कि उन्होंने मानवता, धर्म, सत्य और करुणा का अद्भुत संदेश दिया। उन्होंने मौके पर सरकार की ओर से कॉलेज को पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी की हमारे महान संतों और ऋषियों के प्रति अगाध श्रद्धा है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, मेयर नगर निगम सुमन बहमनी, पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नितिन कपूर, कष्ट निवारण समिति के सदस्य जंगशेर सिंह व जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ आदि मौजूद रहे।


**यमुनानगर।** जिला प्रशासन द्वारा महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम में विचार रखते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।


**यमुनानगर।** जगाधरी क्षेत्र में महर्षि वाल्मीकि मंदिर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

### संस्कृत के पहले श्लोक के जनक

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि वाल्मीकि जी को संस्कृत के पहले श्लोक (छंद) का जनक माना जाता है। यह श्लोक उन्होंने एक कौंच पक्षी के वध से उत्पन्न करुणा से प्रेरित होकर कहा था। यह श्लोक आगे चलकर काव्य शैली का प्रारंभ बना। वाल्मीकि जी ने यह संदेश दिया कि पश्चाताप और भक्ति से कोई भी व्यक्ति अपने जीवन को सुधार सकता है। उन्होंने समाज में समानता, मानवता और सत्य की भावना को बढ़ावा दिया। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय आहड़वाला व्यासपुर के प्रोफेसर डॉ. रमेश धारीवाल ने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन के समग्र पहलुओं पर प्रकाश डाला।

### धूमधाम से जिले भर में मनाई वाल्मीकि जयंती

**यमुनानगर।** जिले भर में मंगलवार को भगवान महर्षि वाल्मीकि की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कहीं पर भंडारे का आयोजन किया गया तो कहीं पर शोभायात्रा निकाली गई। मंगलवार को को जिले के भगवान वाल्मीकि के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। इस दौरान खिजराबाद, साढ़ौर समेत ग्रामीण इलाकों में कई स्थानों पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जगह-जगर स्वागत किया गया। वहीं, छछरौली, जगाधरी, यमुनानगर, रादौर व मुस्तफाबाद समेत ग्रामीण इलाकों में स्थित भगवान वाल्मीकि के मंदिरों में भंडारों का आयोजन किया गया। जिनमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वाल्मीकि मंदिर के श्रद्धालु फक्कर, सुरेश, मोहन व ज्ञानचंद ने बताया कि हमें भगवान महर्षि वाल्मीकि जी के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के प्रयत्न करने चाहिएं। यदि महर्षि वाल्मीकि नहीं होते तो श्रीराम भी नहीं होते। क्योंकि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की और उसी के आधार पर हमें श्री राम के इतिहास के बारे में पता चला है। इसलिए महर्षि वाल्मीकि जी एक समाज के न होकर सर्वसमाज के भगवान हैं। उधर, रादौर क्षेत्र के गांव नाचरौन स्थित श्री वाल्मीकि मंदिर में मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# रक्तदान शिविर में एकत्रित हुआ 51 यूनिट रक्त


यमुनानगर के बड़ा दामोपुरा में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाकर शुभारंभ करते हुए अतिथि।

- मिशन रक्त क्रांति हिंदुस्तान अभियान के तहत शिव मंदिर सेवा समिति बड़ा दमोपुरा ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मिशन रक्त क्रांति हिंदुस्तान अभियान के तहत मंगलवार को शिव मंदिर सेवा समिति बड़ा दमोपुरा ने मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर शिविर का शुभारंभ किया।

रक्तदान शिविर में चिकित्सकों ने रक्तदाताओं से 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया। वहीं, इस दौरान शिविर में 85 मरीजों की आंखों की जांच करके निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। मुख्यातिथि एवं भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी ने कहा कि बड़ा दमोपुरा में रक्तदान शिविर व नेत्र जांच शिविर का आयोजन करना सराहनीय है। जिला परिषद चेयरमैन रमेश ठसका ने भी विचार रखे। आयोजक रवीश चौधरी ने बताया कि गांव में यह पहला शिविर है।

### नेत्र जांच भी हुई

भाजपा के मण्डल अध्यक्ष कृष्ण खदरी ने बताया कि जिन युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया है। इससे प्रतीत होता है कि गांव का युवा वर्ग समाज में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करके नशा मुक्ति अभियान में अपना अहम योगदान दे रहे हैं। स्माइल फाउंडेशन के अध्यक्ष संजीव मेहता ने बताया कि शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर अजय राणा ने शिविर में आए हुए मरीजों की आंखों की जांच करके निःशुल्क दवाइयां वितरित की और मरीजों को आंखों की देखभाल के लिए जरूरी बातें बताई। मौके पर शिव कुमार, रमेशचंद,विनोद कुमार, रविश पंवार व राकेश आदि मौजूद रहे।

# जेंडर सेंसिटिविटी विषय पर क्षमता वृद्धि कार्यक्रम का आयोजन

- ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल रादौर में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर


**यमुनानगर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में मंगलवार को क्षमता वृद्धि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 13 स्कूलों के 55 शिक्षकों को जेंडर सेंसिटिविटी विषय का प्रशिक्षण दिया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से स्कूल परिसर में एक दिवसीय क्षमता वृद्धि कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर होली मदर पब्लिक स्कूल कांसापुर की इंग्लिश अध्यापिका मनदीप कौर व विज्ञान अध्यापक विशाल धमीजा बतौर मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार अद्यतन करना है, ताकि वो उन परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाकर आने वाली पीढ़ी को उचित प्रकार से तैयार कर सकें। मुख्य वक्ता विशाल धमीजा ने कहा कि शिक्षक जीवन को जिस तरह जीता है, वही तरीका अधिकतम रूप से बच्चों में स्थानांतरित होता है। क्योंकि यह भी एक प्रकार की ऊर्जा है जो एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्थानांतरित की जा सकती है। वर्तमान के प्रतियोगिता भरे युग में बच्चे को जीवन की सही कलाओं का ज्ञान होना आवश्यक है ताकि वो इस भीड़ में भी खुद को स्थापित कर सके।

### हर दिन सीखते हैं हम

मुख्य वक्ता मनदीप कौर ने कहा कि वर्तमान युग में किसी भी कक्षा में बच्चों को पढ़ाना पुराने समय जैसा नहीं रहा। इसलिए बच्चों को गतिविधियों में शामिल करके उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व है। जिससे एक इंसान न केवल हर दिन सीखता है बल्कि प्रतिदिन नई चीजों को सीखता हुआ जीवन में सफलता हासिल करता है। स्कूल प्रबंधक समिति की ओर से मुख्य वक्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# चोरी की बाइक बेचने उत्तरप्रदेश जा रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- पूछताछ के दौरान आरोपी ने बाइक चोरी की दो वारदातों का किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने कलानौर बॉर्डर से एक युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक चोरी की बाइक को उत्तर प्रदेश बेचने के लिए लेकर जा रहा था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बाइक चोरी की दो वारदातों का खुलासा किया। अदालत में आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। टीम के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी एक युवक चोरी की बाइक को लेकर कलानौर बॉर्डर होता हुआ उत्तर प्रदेश की तरफ जाएगा। इस सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही हर विलास, रविंदर, नरेश व राधे श्याम की एक टीम का गठन किया गया। नाकाबंदी पर टीम को बाइक पर एक युवक आता दिखाई दिया। टीम ने उसे रोककर जांच की तो उनके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। आरोपी ने यह बाइक 13 जुलाई को नेहरू पार्क मॉडल टाउन यमुनानगर से चोरी की थी। पूछताछ में आरोपी की पहचान गांव मांडखेड़ी निवासी राकेश कुमार उर्फ जगतार के नाम से हुई। आरोपी ने दूसरी बाइक 24 सितंबर को हुड्डा सेक्टर 18 से चोरी की थी। पुलिस ने यह बाइक भी आरोपी से बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।


**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक।

### यमुनानगर नगर निगम की पहल

# शहर में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े का हुआ समापन


**यमुनानगर।** सेवा पखवाड़े के दौरान सफाई करतीं मेयर सुमन बहमनी और अन्य।

- 17 दिन में शहर से किया हजारों टन कचरा साफ, आठ हजार लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम द्वारा शहर में चलाया गया सेवा पखवाड़ा मंगलवार को संपन्न हो गया। पिछले 17 दिन चले इस स्वच्छता अभियान में शहर से हजारों टन कचरा उठाया गया। इसके साथ ही आठ हजार पौधे भी लगाए गए। पखवाड़े के दौरान मेयर सुमन बहमनी द्वारा निगम के सभी 22 वार्डों में सफाई, पौधारोपण और जन जागरुकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि अभियान में सभी पार्षदों, विद्यार्थियों और सेनिटेशन विभाग की टीमों ने अहम भूमिका निभाई। अभियान के दौरान नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी योजना नहीं बल्कि यह जीवन की आदत और समाज की जिम्मेदारी है। अभियान के दौरान आठ हजार से अधिक पौधे लगाए गए। इस अवसर पर स्कूलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें छात्र-छात्राओं को स्वच्छता का महत्व समझाया गया। वहीं बाजारों में जाकर दुकानदारों को अपने आस-पास की सफाई बनाए रखने और सूखा गीला कूड़ा अलग करने के लिए प्रेरित किया गया।

मेयर ने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित नहीं है, यह हमारे संस्कारों, हमारे व्यवहार और हमारे समाज की सोच का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य केवल गंदगी हटाना नहीं बल्कि एक ऐसी नागरिक चेतना पैदा करना है। जिसमें हर व्यक्ति अपने आस पास की जिम्मेदारी स्वयं ले।

# उभरती तकनीक रिटेल में लाई बड़ी क्रांति

- गुरुनानक खालसा कॉलेज में डेटा एनालिटिक्स विषय पर वेबिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


**यमुनानगर।** गुरुनानक कालेज में आयोजित वेबिनार में मंचासीन मुख्य वक्ता और अन्य। फोटो : हरिभूमि

गुरुनानक खालसा कॉलेज में कम्युनिटी कॉलेज द्वारा डेटा एनालिटिक्स (खुदरा रणनीतियों को आकार देना) विषय पर मंगलवार को वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में विद्यार्थियों को वर्तमान में उभरती हुई तकनीकें किस प्रकार रिटेल क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही हैं और व्यवसायों के लिए नए अवसर खोल रही हैं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वेबिनार में मुख्य वक्ता डॉ. मनविंदर सिंह टंडन ने कहा कि वर्तमान में उभरती उभरती हुई तकनीकें रिटेल क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही हैं। यह तकनीकें व्यवसायों के लिए नए अवसर खोल रही हैं। विद्यार्थियों को इन तकनीकों का ज्ञान होना अति आवश्यक है। मौके पर डॉ. पवन कुमार ने भी अपने विचारों और अनुभवों को सांझा किया। उन्होंने कहा कि यह सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत जानकारीपूर्ण और प्रेरणादायक रहा। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला ने कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं द्वारा बेहतरीन जानकारी देने के लिए आभार प्रकट किया।

### नई जानकारी मिली

कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने वेबिनार का आयोजन करने के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धन होता है और उन्हें नई नई जानकारियां मिलती हैं। उन्होंने भविष्य में भी संस्थान में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर वेबिनार का संचालन पूजा राणा द्वारा किया गया। मौके पर एतेन्दर सिंह व निशी ने संयोजक के रूप में व मंजीत कौर ने सह संयोजक के रुप में भाग लिया। सरदार रंदीप सिंह जौहरए अध्यक्षए गवर्निंग बॉडी एवं प्रबंधक समिति ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना की।


**यमुनानगर।** जेएमआईटी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

### कोडिंग अभ्यास के साथ दक्षता के लिए किया ज्ञानवर्धन

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में मंगलवार को टीसीएस कोड वीटा पर एक जानकारीपूर्ण सत्र आयोजित किया गया। सत्र का संचालन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की स्वर्ण पदक विजेता व 2024 बैच की सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) की पूर्व छात्रा इत्का लांबा ने किया। इतिका ने अपने व्यक्तिगत अनुभव व टीसीएस कोड वीटा की तैयारी यात्रा सांझा की। उन्होंने कोडिंग अभ्यास, तार्किक समस्या समाधान, निरंतर सीखने के महत्व पर बल दिया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को प्रतियोगिता की संरचना, पंजीकरण प्रक्रिया और कोडिंग चुनौतियों में उत्कृष्टता प्राप्त करने की रणनीतियों के बारे में जागरूक करना था। संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने इस पहल की सराहना की। मौके पर डॉ.राखी, डॉ.गगनप्रीत कौर, डॉ.गौरव शर्मा, डॉ.विकास जुनेजा, डॉ.नवदीप, डॉ.एलएस रीन आदि मौजूद थे।

### शिविर में रोगियों को औषधि मिश्रित खीर की वितरित

# शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयुर्वेदिक शिविर का आयोजन

**चंद्रमा की किरणों में आयुर्वेदिक तरीके से तैयार की गई औषधि मिश्रित खीर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में व्यासपुर स्थित आश्रम में शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयुर्वेदिक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित रोगियों को चंद्रमा की किरणों में तैयार की गई औषधि मिश्रित खीर का वितरण किया गया। औषधीय खीर को पुरातन आयुर्वेदिक ढंग से तैयार किया गया। चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों की देख रेख में रोगियों की जांच करने के बाद उनको दवा वितरित की गई। इस दौरान भजन सत्संग का आयोजन भी किया गया।


**यमुनानगर।** व्यासपुर स्थित दिव्य ज्योति जागृति संस्थान आश्रम में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

### आयुर्वेदिक चिकित्सा रामबाण उपचार

स्वामी गुरुज्ञानानंद ने शरद पूर्णिमा का महत्व समझाते हुए कहा कि भारतीय परंपरा में आयुर्वेद का विशेष योगदान रहा है। विज्ञान के द्वारा प्रमाणित आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियां मानवीय जीवन के लिए रामबाण औषधि का कार्य करती हैं जो हमें शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ जीवन जीने में सहायक होती हैं। शरद पूर्णिमा सर्दी के मौसम का आरंभ है और सर्दी में होने वाले रोगों से लड़ने के लिए प्रतिरोधक क्षमता पैदा करने के लिए शरीर को कुछ औषधियों के द्वारा तैयार किया जाता है। शरद पूर्णिमा पर चंद्रमा की रोशनी में रखी हुई खीर को खाने से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। जिससे शरीर सर्दी के मौसम में पनपने वाले जीवाणुओं और विषाणुओं से लड़ने के लिए भी तैयार हो जाता है। सत्संग प्रवचनों के दौरान स्वामी ने कहा कि शरद पूर्णिमा अपने आप में ही हमारे जीवन को पूर्ण रूप से स्वस्थ रखने का संदेश देती है। जैसे शरद पूर्णिमा के चंद्रमा के सानिध्य में साधारण सा दिखने वाला आहार भी अमृत तुल्य हो जाता है इसी प्रकार गुरू के सानिध्य में आने से शिष्य का जीवन भी परमानंद से परिपूर्ण हो जाता है क्योंकि गुरू अपने तपोबल एवं दिव्य ओजस्वी तरंगों के द्वारा अपने शिष्य को निरंतर पोषित करता है।

खबर संक्षेप

## श्रीगुरु रविदास मंदिर में विशेष सत्संग आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के श्री गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला में 8 अक्तूबर को भव्य सत्संग का आयोजन किया जाएगा, जिसमें डेरा स्वामी जगतगिरि आश्रम पठानकोट पंजाब के गद्दीनशीन स्वामी गुरदीप गिरी महाराज जी पहुँचकर अमृतवर्षा करेंगे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि स्वामी गुरदीप गिरी महाराज ने विश्वभर के लोगों को शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज की अमृतबाणी से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।


स्वामी गुरदीप गिरी महाराज।

## शालनियों ने किया गुरुकुल कुरुक्षेत्र का शैक्षिक भ्रमण



**कुरुक्षेत्र।** डॉ. सुषमा शर्मा एवं डॉ. रामनिवास के प्रयासों और मार्गदर्शन में यूएसएफ कुरुक्षेत्र की शलिनियों ने गुरुकुल कुरुक्षेत्र का शैक्षिक भ्रमण किया। यह अवसर शलिनियों के लिए अत्यंत दुर्लभ एवं प्रेरणादायक रहा, जो उनके लिए अमूल्य अनुभव साबित हुआ। 43 शलिनियाँ यूएसएफ सेंटर पर एकत्रित हुईं, जहाँ डॉ. सुषमा शर्मा ने भ्रमण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## श्रीअवधूत आश्रम में विशाल भंडारा आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा मार्ग स्थित कुरुक्षेत्र के श्री अवधूत आश्रम में आज शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर आश्रम के संचालक एवं षडदर्शन साधुसमाज के अध्यक्ष परमहंस ज्ञानेश्वर जी महाराज एवं ब्रह्मवादिनि स्वामी डॉ. गार्गी जी महाराज के सानिध्य में प्रातः हवन के साथ विशाल भंडारे एवं शरद पूर्णिमा खीर का आयोजन किया गया। आयोजन में षडदर्शन साधुसमाज के महासचिव महंत ईश्वर दास, संगठन सचिव प्रमोद कौशिक, सचिव महंत सुनील दास आदि मौजूद रहे।

### जिलेभर में हर्षोल्लास से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

# हर व्यक्ति को वाल्मीकि जी के दिखाए रास्ते पर चलने की जरूरत : सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

महर्षि वाल्मीकि जयंती मंगलवार को जिलाभर में धूमधाम से मनाई गई। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी ने अपनी अध्यात्मिक और अलौकिक शक्ति से ऐसे ग्रंथ की रचना की है जो मानवीय जीवन के प्रभावी आदर्शों पर आधारित है। इससे महर्षि वाल्मीकि जी ने मानवता के कल्याण का मार्ग दिखाने का काम किया है। आज समाज के हर व्यक्ति को मानव कल्याण के लिए महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने की जरूरत है। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने मंगलवार को थानेसर हल्का के गांव और शहर के विभिन्न इलाकों में महर्षि वाल्मीकि जंयती पर आयोजित कार्यक्रमों में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने गांव बाहरी, कैंथला, दयालपुर, खेडी राम नगर सहित अन्य गांव और शहर के वार्डो में धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं की तरफ से महर्षि वाल्मीकि जयंती के कार्यक्रमों में शिरकत कर महर्षि वाल्मीकि के मंदिर में पूजा अर्चना की तथा महर्षि वाल्मीकि की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। महर्षि वाल्मीकि रामायण में सांसारिक जीवन के मूल्यों एवं आदर्शों को सुरक्षित रखा गया है। महर्षि वाल्मीकि ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन पर महाकाव्य लिखकर हमें जीवन का आदर्श सिखाया और मानवता के कल्याण का संदेश दिया।



### नवयुग स्कूल में प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए



कुरुक्षेत्र। नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में वाल्मीकि जयंती के अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा, प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा तथा स्टाफ के सभी सदस्यों ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि , संस्कृत रामायण के प्रथम रचयिता हैं जो आदिकवि के रूप में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने रामायण की रचना की। महर्षि वाल्मीकि के द्वारा रचित रामायण वाल्मीकि रामायण कहलाई। रामायण एक महाकाव्य है जो कि भगवान राम के जीवन के सत्य व कर्तव्य से परिचित करवाता है। महर्षि वाल्मीकि ने संस्कृत के प्रथम महाकाव्य के साथ संसार का पहला श्लोक भी कहा जिसके पश्चात ही रामायण की रचना हुई। इस अवसर विद्यालय मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी, अध्यापिका मोनिका, प्रियंका, सीमा,रजनी,कोमल, किरण, रेनू, तिलेशा,मधु, अंजलि,सहित स्टाफ के सभी नॉन टीचिंग सदस्य उपस्थित रहे।

## सेवा ट्रस्ट यूके भारत ने किया महिलाओं को सामान वितरित


कुरुक्षेत्र। महिला को समान वितरित करते ट्रस्ट के पदाधिकारी।

*कुरुक्षेत्र। सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती के शुभ अवसर पर ब्रम्हासरोवर कुरुक्षेत्र पर महिलाओं वह साधु संत को अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से समान वितरित किया गया व साथ ही रियल जूस का विशाल भंडारा दिया गया। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने भगवान राम के आदर्श चरित्र को लिपिबद्ध कर सम्पूर्ण विश्व को पवित्र महाकाव्य रामायण का अनुपम उपहार देने वाले आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी के प्रकट दिवस पर कोटि-कोटि प्रणाम किया। सभी से महर्षि वाल्मीकि जी की बताई हुई शिक्षाओं पर वह समाज को उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत भूमि धर्म भूमि है। इस भारतभूमि पर अनेक संतों, महात्माओं, पीर,पैगंबरों ,फकीरों और महापुरुषों का जन्म हुआ है। जिन्होंने अपनी दिव्य वाणी से समाज का पथ प्रदर्शन किया और समाज को रूढ़ियों, अंधविश्वासो और कुरीतियों से मुक्त करने का प्रयास किया। सेवा ट्रस्ट खंड थानेसर के कोआर्डिनेटर राजेश सैन ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने कर्म की श्रेष्ठता पर बल दिया और मनुष्य को सदैव अच्छे कर्म करने के लिए प्रेरित किया। सेवा ट्रस्ट के जिला मीडिया प्रभारी विजय पंघाल वह मास्टर रमेश गुप्ता ने कहा कि आज शताब्दियों बीत जाने के बावजूद भी महर्षि वाल्मीकि जी की वाणी उतनी ही प्रासंगिक और सार्थक है। आज भी उनकी वाणी समाज का पथ प्रदर्शन कर रही है। मास्टर जसबीर राणा व तेजस मित्तल ने कहा की हमें चाहिए कि हम महर्षि वाल्मीकि जी के दिखाए गए आदर्शों, सिद्धांतों और मार्ग पर चलते हुए एक आदर्श समाज के निर्माण कर सके।*

*भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने महर्षि वाल्मिकी जयंती पर किया संबोधित*

## वाल्मीकि जी ने आमजन के जीवन शैली मे किया बदलाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

भगवान राम की सबसे प्रमाणिक जीवनगाथा को लिखने वाले महर्षि वाल्मीकि की जयंती हर साल आश्विन मास की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। सनातन परंपरा से जुड़े लोग उनके जन्मोत्सव को वाल्मीकि जयंती के रूप में मनाते हैं। मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि की जयंती सम्पूर्ण भारत में मनाई गई। महर्षि वाल्मीकि जिन्हें आदि कवि या फिर कहें संस्कृत भाषा का पहला कवि माना जाता है, उनके द्वारा रचित महाकाव्य रामायण को सबसे प्रामाणिक माना जाता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी मंगलवार को वार्ड नम्बर 8 में महर्षि वाल्मिकी की जयंती के अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ उपमंडल अधिकारी नागरिक अभिनव सिवाच एवं नगरपालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि उपस्थित थे।जय भगवान शर्मा डीडी ने वाल्मीकि जयंती समारोह में पहुंच कर महर्षि वाल्मीकि जयंती का ज्योति प्रज्वलित कर विधिवत रूप से शुभारंभ किया।

### रामायण जैसे अनेक महान गंथ्र लिखे

बतौर मुख्य अतिथि जय भगवान शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार तथा प्रशासन के समन्वय से उपमंडल पिहोवा के वार्ड नम्ब्र 8 में महर्षि वाल्मिकी जयंती बडे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। उन्होंने कहा महर्षि वाल्मीकि जी ने रामायण जैसे अनेकों महान लेख लिख कर आमजन के जीवन शैली मे बदलाव किया। उनके द्वारा लिखित विभिन्न पुस्तको को आमजन को अपने जीवन में उतारना चाहिए जिससे जीवन जीना आसान होता है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, नगर पालिका सचिव अशोक कुमार, नायब तहसीलदार सागर, भाजपा नेत्री गीता शर्मा, समाज सेवी प्रदीप सैनी समाज, विकास गर्ग, हरिओम अग्रवाल, पार्षद गगन टंक, अजय कुमार, विनोद, कपिल कुमार, गुलशन, अशोक, मास्टर मोहन रामकुमार, अनिल बागड़ी, सचिन नबरदार, सुखबीर सैनी आदि मौजूद रहे।

## महर्षि वाल्मीकि के किए गए कार्यों से प्रेरणा लें : कलसाना




*शाहबाद। भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों और मूल्यों को हर व्यक्ति को अपने जीवन में अपनाने की जरूरत है। महर्षि वाल्मीकि जयंती एक महत्वपूर्ण अवसर है जो हमें महान ऋषि और कवि वाल्मीकि के जीवन और कार्यों को याद करने का अवसर प्रदान करती है। यह दिन हमें उनके आदर्शों और मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। भाजपा नेता सुभाष कलसाना मंगलवार को शाहबाद के गांव रावा के वाल्मीकि मंदिर में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर बोल रहे थे। इससे पहले भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने भगवान वाल्मीकि की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि में महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेकर और उनके आदर्शो को अपने जीवन में अपनाकर आगे बढ़ना चाहिए। प्राचीनकाल से ही हमारे समाज और परिवार पर उनके सात्विक और आदर्श विचारों का गहरा प्रभाव रहा है। सामाजिक समरसता पर आधारित उनके वैचारिक प्रकाशपुंज देशवासियों को सदैव आलोकित करते रहेंगे।*

## महर्षि वाल्मीकि व गुरु गोबिंद सिंह को पुष्पांजलि की अर्पित


लाडवा। महर्षि वाल्मीकि और दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चित्र पर पुष्प अर्पण करते प्रधान पवन गर्ग व स्कूल स्टाफ।

*लाडवा। संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा- लाडवा में रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती और दसवें गुरु श्रीगुरु गोबिंद सिंह जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र पुष्पांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के प्रधान पवन गर्ग, सचिव रविंद्र बंसल, प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा और शिक्षकों ने महर्षि वाल्मीकि जी और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए और श्रद्धापूर्वक नमन किया। पवन गर्ग ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी प्रेम, करुणा, त्याग और सद्भाव के प्रतीक थे जिन्होंने महान महाकाव्य रामायण की रचना की। प्रकृति प्रेम सहित करुणा, और सद्भाव की उनकी शिक्षाएँ आज भी प्रासंगिक हैं और भारतीय समाज में उच्च सम्मान रखती हैं। श्री गुरु गोबिंद सिंह, जो एक महान योद्धा, कवि, दार्शनिक और दसवें गुरु थे, जिन्होंने मुगलों द्वारा हिंदुओं पर किए गए अत्याचारों से लड़ने के लिए खालसा पंथ की स्थापना की, का भी भारतीय समाज में बहुत सम्मान है। दोनों महान गुरुओं ने लोगों को धार्मिकता, समानता और सद्भाव के मार्ग पर अग्रसर किया।*

# पदक विजेता खिलाड़ियों को नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

लाडवा की यूथ स्पोर्ट्स अकादमी में एक सम्मान समारोह का आयोजन यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा करवाया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि लाडवा के प्रमुख समाजसेवी सचिन गर्ग रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड नंबर 2 से पार्षद रोहित गर्ग ने की। कार्यक्रम में चौधरी जोग ध्यान ने आए हुए सभी खिलाड़ियों के माता-पिता और अतिथियों का स्वागत किया और खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की समाजसेवी सचिन गर्ग ने कहा कि वे सभी खिलाड़ियों को और उनके कोच को बधाई देना चाहते हैं और साथ ही लाडवा को एक नई दिशा देने के लिए सभी का धन्यवाद किया उन्होंने कहा कि वे हर संभव कोशिश खिलाड़ियों व अकादमी के लिए करने के लिए तत्पर हैं किसी भी खिलाड़ी को किसी भी प्रकार की कोई जरूरत हो तो वह हर समय उनके साथ खड़े हैं।

- यूथ स्पोर्ट्स अकादमी में एक सम्मान समारोह का आयोजन


लाडवा। मुख्य अतिथि सचिन गर्ग के साथ संगठन के सदस्य व खिलाड़ी।

### 22 जिलों से 700 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

*उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी तभी तरक्की व उन्नति कर सकता है जब उसको सही अभ्यास मिले और वह तभी संभव है जब वह एक अनुभवी कोच के पास अभ्यास कर रहा हो।इसी कड़ी में कोच चमनलाल ने बताया कि खिलाड़ी सुखराज ढिल्लों, गर्वित मंगला ,इशांत सैनी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल दूसरी बार प्राप्त किया और राष्ट्र स्तरीय स्कूल गेम्स के लिए चयनित हुए हैं। वैभव बैरागी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। गर्व मंगला, गर्व कल्याण, लक्की प्रजापत व निकुंज अत्री ने ब्रोंज मेडल लेकर हमें गोरवान्वित किया है। खिलाड़ियों ने यह मेडल हरियाणा की स्कूल गेम्स में प्राप्त किया यह प्रतियोगिता कैथल जिले के आर के एस डी कॉलेज में 2 से 5 तक चली इस प्रतियोगिता में 22 के 22 जिलों में से लगभग 700 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर परप्रधान विजय भूषण, सरबजीत सिंह, मोहित सैनी, संदीप मंगला, अनमोल लोहाट, सतीश धनोरा, रामकुमार, रविंद्र कुमार, गौरव कुमार, हाकम सिंह, मेहर सिंह जसविंदर कौर, नविता रानी , मोहन लाल, गुरमीत सिंह, मास्टर प्रवेश, जोनी शर्मा एवं एकांत जोगी माजरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।*


कुरुक्षेत्र। खीर का सेवन करते लोग।

## धूमधाम से मनाया शरद पूर्णिमा महोत्सव

**कुरुक्षेत्र।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के आरोग्य प्रकल्प द्वारा कुरुक्षेत्र आश्रम में शरद पूर्णिमा का पावन पर्व के माध्यम से हजारों लोगों को स्वास्थ्य और आध्यात्मिक लाभ प्रदान किया। इस वर्ष भी यह महोत्सव भारत के विभिन्न हिस्सों में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य प्राचीन भारतीय आयुर्वेद के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाना और शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना था। आयुर्वेदिक औषधियों से तैयार की गई विशेष खीर का वितरण इस महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहा। आयुर्वेद के अनुसार, शरद पूर्णिमा की रात में चंद्रमा की किरणों में औषधीय गुण होते हैं। इस दिन चांदनी में रखी गई औषधीय खीर का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक होता है। इस खीर में मौजूद आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियाँ श्वास संबंधी रोगों, दमा और खांसी जैसे रोगों में लाभकारी होती हैं। महोत्सव में आए लोगों ने इस आयोजन की बहुत प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से उन्हें आयुर्वेद के बारे में अधिक जानकारी मिली और उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान हुआ।

## एचकेआरएन कर्मियों को दिया जाए बोनस : कश्यप

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी सैल के पूर्व प्रदेश संयोजक व जिला प्रभारी पानीपत प्रवीन कश्यप दयालपुर ने प्रदेश सरकार से मांग की कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय में लगे कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों को दीपावली बोनस और एक्सपीरियंस के हिसाब से सैलरी दी जाएं। इसके अलावा प्रवीण दयालपुर ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों को हरियाणा डे पर जॉब सिक्योरिटी भी दिए जाने की मांग की है। प्रवीन ने कहा कि दीपावली हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है। इस त्यौहार को भारत वर्ष में सभी लोग हर्षोल्लास से मनाते है। ऐसे ही प्रदेश भर के विश्वविद्यालय में कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारी प्रदेश सरकार से आस लगाए बैठे है कि सरकार जल्द ही उन्हें दीपावली बोनस का उपहार दे ताकि वे भी अपने परिवार के साथ दीपावली की खुशियां मना सके।



## सांसद खेल महोत्सव के लिए युवाओं का किया रजिस्ट्रेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद खेल महोत्सव को लेकर युवाओं में भारी उत्साह है। सांसद नवीन जिंदल के निर्देश पर टीम खिलाड़ियों के बीच जाकर उनका रजिस्ट्रेशन कर रही हैं। अब तक लगभग पौने दो लाख प्रतिभागियों का पंजीकरण हो चुका है। इसी कड़ी में अभिषेक गर्ग अंकित के साथ टीम ने कुरुक्षेत्र क्रिकेट अकादमी में खिलाड़ियों का सांसद खेल महोत्सव के लिए पंजीकरण किया। कोच नवीन मदान ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल की इस पहल से युवाओं में खेलों के प्रति क्रेज पैदा होगा।

### फिट इंडिया अभियान को गति मिलेगी

इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान को भी गति मिलेगी। सांसद नवीन जिंदल के निर्देश अनुसार टीम का प्रयास है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को इन खेलों के माध्यम से फिटनेस और टीम भावना से जोड़ा जाए। संसदीय क्षेत्र में जल्द ही टीमें बनाकर खेलों की प्रतियोगिताओं का शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा। सांसद खेल महोत्सव में क्रिकेट, बॉडी बिल्डिंग, रस्सीकूद प्रतियोगिता, तीरंदाजी सहित 15 खेल शामिल किए है।

## भारत के सर्वोच्च न्यायालय पर हमला राष्ट्र की आत्मा पर प्रहार : कटारिया



*कुरुक्षेत्र। भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य रहे सूरज भान कटारिया ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई पर हुआ हमला केवल एक घटना नहीं, यह भारत के संविधान की छाती में घोंपा गया खंजर है! उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा है कि देश की न्यायव्यवस्था पर किया गया यह वार विवेक, संस्कार और सभ्यता के शव पर जलती हुई दंगाई मशाल है। यह किसी अनसूचित वर्ग से संबंधित एक व्यक्ति पर हमला नहीं, यह राष्ट्र की आत्मा को चीरने का, भारत की न्याय देवी के मस्तक पर राख मलने का निर्लज्ज, विकृत और भयावह प्रयास ह! जिसके हाथ में सर्वोच्च न्याय है, उस पर हाथ उठाने वाला समाज का शत्रु है, राष्ट्र का अपराधी है, लोकतंत्र का हत्यारा है। कटारिया ने कहा कि देश की सर्वोच्च न्याय संस्था का अपमान, संविधान पर किया गया यह खुला हमला —इसे केवल निंदनीय कहना शब्दों का अपमान होगा, यह तो देशद्रोह का नग्न रूप है, जो इस भूमि के प्रत्येक कण को क्रोध, आक्रोश और विद्रोह से भर देता है। स*

**कार्यक्रम** | केडीबी मेला ग्राउंड में तीन नए कानूनों की प्रदर्शनी में आवागमन जारी

# पुलिस कर्मचारियों के साथ आमजन भी ले रहे नए कानूनों की जानकारी

नई पीढ़ी इन कानूनों के बारे में जानने की जिज्ञासा रखती : पुलिस अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के केडीबी मेला ग्राउंड में चल रही तीन नए कानूनों को लेकर हर रोज पुलिस के अनुसंधान अधिकारी, आम नागरिक और स्कूली विद्यार्थी प्रदर्शनी में पहुंचकर नए कानूनों के मुताबिक पुलिस कार्य प्रणाली को समझ रहे हैं। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने बताया कि 3 अक्टूबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कुरुक्षेत्र के केडीबी मेला ग्राउंड में तीन नए कानूनों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया था।



### प्रदर्शनी में शो का समय बढ़ाया

इस प्रदर्शनी को आम नागरिकों के लिए खोल दिया गया है जिसके बाद आमजन, कालेज और स्कूली विद्यार्थियों को आगमन लगातार जारी है। प्रदर्शनी में काफी संख्या में आमजन पहुंच रहे हैं जिस कारण प्रदर्शनी मे शौ का समय बढ़ाया गया है। प्रदर्शनी में प्रतिदिन सुबह 11 बजे, 12-30 बजे, दोपहर 2 बजे, सायं 4 बजे और सायं 5-30 बजे शौ दिखाए जाते हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रदर्शनी के माध्यम से आम नागरिकों और विद्यार्थियों को पुलिस कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से दिखाया और समझाया जाता है। इस प्रदर्शनी में विशेष रूप से विद्यार्थी रुचि ले रहे हैं और प्रदर्शनी में मौजूद पुलिस कर्मचारियों से हर बात बारिकी से समझ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हम सबके लिए खुशी की बात है की नई पीढ़ी इन कानूनों के बारे में जानने की जिज्ञासा रखती है। प्रदर्शनी मे दिखाया गया है कि 112 दिन में हत्या के अपराधी को सजा सुनाकर जेल की सलाखों में भेजा गया है।

## रणदीप सुरजेवाला बेबाक व कांग्रेस के पहरेदार नेता : मधुसूदन बवेजा



*कुरुक्षेत्र। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, राज्यसभा सांसद और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला एक प्रदेश के नेता नहीं वो देश के सक्रिय राजनेता हैं। अपने राजनीतिक काल में जिस भी पद पर या मंत्री पद पर रहे या रह रहे है बाखूबी निभाया और निभा रहे है। सुरजेवाला ने हमेशा पार्टी हित जनहित को सर्वोप्रिय माना है। इसलिए जनता भी उन पर भरोसा करती है। आने वाला समय में हरियाणा कांग्रेस को नवनियुक्त अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह नई दिशा और दशा की ओर अग्रसर करेंगे। कांग्रेस पार्टी के कार्यकतार्ओं को भी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह से बहुत उम्मीद है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, राज्यसभा सांसद और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के पद ग्रहण पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि वह पार्टी के लिए अच्छा काम करेंगे और आगामी समय में अपने पद की गरिमा को बनाए रखेंगे ताकि पार्टी में एक जुटता बनी रहे तथा संगठन को मजबूती मिले इसके लिए किसी एक नेता का ना होकर कार्य करे बल्कि सभी वरिष्ठ नेताओं रायशुमारी करे नए साथियों को आगे बढ़ाने का प्रयास करें।*

